संख्या-29/2022/195/24-1-2022-96/2015टी0सी0

प्रेषक,

आनन्द कुमार त्रिपाठी,
अनु सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

प्रबन्ध निदेशक,
उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0,
शक्ति भवन, लखनऊ।

ऊर्जा अनुभाग-1 **लखनऊ : दिनांक मार्च, 2022**

विषय:-वित्तीय वर्ष 2021-22 में समन्वित विद्युत विकास योजना (आई0पी0डी0एस0) के अन्तर्गत समायोजन के माध्यम से वित्तीय स्वीकृति निर्गत किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अधिशासी निदेशक (वित्त), उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लि0 के पत्र संख्या-1999/अधि0नि0(वित्त)/निधि-।।/आईपीडीएस/399(एफ।)/2015-16, दिनांक 04 फरवरी, 2022 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि ऊर्जा विभाग के बजट में अनुदान संख्या-9 के अन्तर्गत समन्वित विद्युत विकास योजना (आई0पी0डी0एस0) के अन्तर्गत विद्युत वितरण कार्यों हेतु अंशपूँजी के लेखाशीर्ष-4801-05-190-04-30 में प्राविधानित धनराशि रूपये 275,00,00,000/- (रूपये दो सौ पचहत्तर करोड़ मात्र) के सापेक्ष अवशेष धनराशि रूपये 181,35,00,000/- (रूपये एक सौ इक्यासी करोड़ पैंतीस लाख मात्र) में से अनुदान के रूप में धनराशि रूपये 21,47,00,000/- (रूपये इक्कीस करोड़ सैंतालिस लाख मात्र) को पुस्तक समायोजन के माध्यम से स्वीकृत किये जाने की श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष अनुमति प्रदान करते है।

2- प्रस्तर-1 में स्वीकृत धनराशि के आहरण उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 द्वारा नकद न करके पुस्तक समायोजन द्वारा किया जायेगा।

3- भारत निर्वाचन आयोग के पत्र संख्या- 437/6/1/ECI/INST/MCC/2022, दिनांक 08-01-2022 द्वारा उत्तर प्रदेश विधान सभा सामान्य निर्वाचन , 2022 की घोषणा के उपरान्त आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू हो गई है। निदेशक (वित्त), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 द्वारा वर्तमान में लागू आदर्श चुनाव आचार संहिता के दृष्टिगत उसके पूर्ण अनुपालन की कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी तथा यह सुनिश्चित किया जायेगा कि आदर्श चुनाव आचार संहिता का उललंघन न हो।

4- उक्त प्रस्तर-1 में स्वीकृत धनराशि के आहरण हेतु कारपोरेशन के सक्षम प्राधिकारी द्वारा वित्तीय नियम संग्रह खण्ड-5 भाग-1 के प्रपत्र संख्या-42जी/शुद्ध पत्र संख्या-426, दिनांक 13 जुलाई, 1971 द्वारा निर्धारित प्रपत्र पर बिल बनाया जायेगा तथा तत्संबंधी बिल ऊर्जा अनुभाग-1, उत्तर प्रदेश शासन को प्रतिहस्ताक्षर हेतु उपलब्ध कराया जायेगा।

5- प्रस्तर-1 में स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष समय-समय पर व्यय की गयी धनराशि का सम्पूर्ण विवरण यथा कोषागार का नाम जहाँ से धनराशि आहरित की गयी है, बाउचर

http://shasanadesh.up.nic.in

संख्या, आहरण की तिथि, लेखाशीर्षक आदि तथा आहरित धनराशि के संबंध में उपयोगिता प्रमाण-पत्र महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, लखनऊ/प्रयागराज और ऊर्जा विभाग, तथा वित्त विभाग, उत्तर प्रदेश शासन को नियमानुसार उपलब्ध कराने की बाध्यता होगी।

6- इस शासनादेश में निर्धारित विशिष्ट शर्तों का अनुपालन निदेशक (वित्त), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा।

7- इस संबंध में होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2021-22 के आय-व्ययक में अनुदान संख्या-9 के लेखा शीर्षक "4801-बिजली परियोजनाओं पर पूँजीगत परिव्यय-05-संचरण तथा वितरण-190-सार्वजनिक क्षेत्र तथा अन्य उपक्रमों में निवेश-04-समन्वित विद्युत विकास योजना (आई0पी0डी0एस0) के अन्तर्गत वितरण कार्यों हेतु अंशपूँजी (के.60रा.10/नि.30-के.)-30- निवेश/ऋण" के नामे डाला जायेगा तथा अवमुक्त की गयी धनराशि को लेखा शीर्षक 0801-बिजली-06-ग्रामीण विद्युतीकरण-800-अन्य प्राप्तियॉ-01-ग्रामीण विद्युतीकरण के लिए उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 के अंशपूँजी हेतु भारत सरकार से "प्राप्ति" के अन्तर्गत जमा की जायेगी।

8- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-10-3450-दस-2021-22, दिनांक 03 मार्च, 2022 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(आनन्द कुमार त्रिपाठी)
अनु सचिव।

संख्या-29/2022/195(1)/24-1-22, तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, (लेखा एवं हकदारी) प्रथम, उ0प्र0, सरोजनी नायडू मार्ग, प्रयागराज-211001।
2- महालेखाकार, (लेखा परीक्षा) प्रथम, उ0प्र0, सरोजनी नायडू मार्ग, प्रयागराज-211001।
3- महालेखाकार, (आर्थिक एवं राजस्व लेखा परीक्षा), उ0प्र0, छठवां तल, केन्द्रीय भवन, सेक्टर-एच, अलीगंज, लखनऊ।
4- मुख्य कोषाधिकारी, लखनऊ।
5- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-10/वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/राज्य योजना आयोग अनुभाग-1
6- गार्ड बुक।

आज्ञा से,

(आनन्द कुमार त्रिपाठी)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in